हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 20 अगस्त 2025


तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

10 1500 मीटर में अश्विन कुरूक्षेत्र अव्वल...



10 अपने दु:खों को मित्र के साथ सांझा जरूर करें



## खबर संक्षेप

### दो पिस्तौल-चार जिंदा कारतूस के दो दबोचे

**जींद।** जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवको को काबू कर कब्जे से दो पिस्तौल तथा चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपितों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि किलाजफरगढ़ हाईवे पुल के निकट युवक अवैध असलाह के साथ खड़ा हुआ है।

### 90 हजार रुपये हड़पने का आरोपत गिरफ्तार

**कैथल।** बीमा क्लेम के नाम पर 90 हजार रुपये हड़पने के मामले की जांच थाना शहर एसएचओ इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में एसआई रणदीप सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी राजेंद्र सेठ कालोनी कैथल निवासी हरप्रीत को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव फतेहपुर निवासी राम सिंह की शिकायत दी थी।

### महिला संदिग्ध हालात में लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव ईगराह से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ईगराह निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 26 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक घायल

**कैथल।** कस्बा सीवन में ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। नागा बाबा रोड सीवन के जयसिंह ने शिकायत में बताया कि 16 अगस्त को जब वह दादा खेड़ा के निकट से जा रहा था तो ट्रैक्टर ट्राली चालक ने ट्रैक्टर को तेज गति और लापरवाही से चलते उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### मां-बेटा पर हमला कर किया घायल, केस दर्ज

**जींद।** गांव रोझला में मकान के आगे भैंस ने गोबर किया तो खफा आरोपितों ने हमला कर मां-बेटा को घायल कर दिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रोझला निवासी सुशीला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति हरिकेश भैंसों को लेकर पानी पिलाने जा रहा था।

### आरोपितों के कब्जे से 50 बोतल देसी शराब बरामद

**कैथल।** अवैध शराब तस्करों पर शिकंजा कसते दो मामलों में 2 आरोपी काबू किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना कलायत पुलिस के पीएसआई रवि व सिपाही सुनील की टीम द्वारा दुकान पर दबिश दे आरोपी सजुमा रोड़ कलायत निवासी रोहित को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे से 12 बोतल व 48 पव्वे देशी शराब बरामद हुई।

### हवाई फायर कर दहशत फैलाने का आरोपी काबू

**जींद।** नरवाना की मोरपत्ति दरवाजे के सामने फायर कर दहशत फैलाने के आरोपित की निशानदेही पर पुलिस बाइक तथा फायर करने वाले असलाह को बरामद किया है। रिमांड अवधी पूरी होने पर पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया।

### घर में सेंधमारी कर सामान चोरी करने का आरोपी काबू

**कैथल।** थाना चीका पुलिस ने घर में सेंधमारी कर लाखों रुपये का घरेलू सामान, गहने व नकदी चोरी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित 2 आरोपियों को काबू करने में सफलता प्राप्त की है। दोनो आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

*नरवाना में जींद-पटियाला नेशनल हाईवे और कैथल में कसान के ग्रामीणों ने जाम लगाकर की नारेबाजी*

# जींद-कैथल में जाम लगाकर मनीषा के लिए मांगा इंसाफ

### लघु सचिवालय पहुंच कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा, दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना में मंगलवार को ग्रामीण युवाओं ने भिवानी में अध्यापिका मनीषा की मौत के मामले में विरोध प्रदर्शन किया और लघु सचिवालय पहुंच कर तहसीलदार नरवाना को ज्ञापन सौंप कर इस मामले में दोषी आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने के बाद युवाओं ने शहर के नए बस स्टैंड के सामने पहुंच कर जींद-पटियाला नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवा अपने हाथों में मनीषा को इंसाफ दो के नारे लिखे बैनर भी लिए थे।

युवाओं ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन अब मनीषा की मौत के मामले को सुसाइड केस बता रही है और दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। युवाओं का कहना है कि पुलिस अब कह रही है कि मनीषा के साथ कोई रेप नहीं हुआ है और उसने सुसाइड किया है जबकि यह बिल्कुल गलत है। युवाओं ने मांग की कि मनीषा की मौत के जिम्मेदार दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। जाम लगने की सूचना मिलने पर सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह और सदर थाना प्रभारी पूर्ण दास पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जाम लगाए बैठे युवाओं से बातचीत कर जाम खुलवाने का प्रयास किया लेकिन युवाओं ने जाम नहीं खोला। जाम लगने के कारण नैशनल हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई जिस कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बस स्टैंड से भी कोई भी बस बाहर नहीं जा सकी जिस कारण यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ी।

हालांकि बाद में पुलिस ने यातायात को दूसरे रोड से डायवर्ट कर दिया और जाम में फंसे वाहनों को अन्य रास्तों से अपने गंतव्य को रवाना किया लेकिन जाम लगाए बैठे युवा हाईवे पर ही डटे रहे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे। बाद में डीएसपी नरवाना कमलदीप राणा भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी युवाओं से बातचीत कर जाम खोलने की अपील की लेकिन जब युवाओं ने जाम नहीं खोला तो पुलिस ने हलके बल का प्रयोग करके युवाओं को नैशनल हाईवे से तितर-बितर किया और जाम खुलवा दिया। जाम खुलने के बाद नैशनल हाईवे पर यातायात सुचारू हो गया।

**ग्रामीण युवाओं ने रोष प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, नेशनल हाईवे पर लगी वाहनों की कतार**



जींद। नेशनल हाईवे पर बस स्टैंड के सामने जाम लगाए युवा। फोटो :हरिभूमि



जींद। जाम लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। फोटो :हरिभूमि



जींद। शहर में विरोध प्रदर्शन करते युवा। फोटो :हरिभूमि



जींद। जाम लगने के बाद नेशनल हाईवे पर लगी वाहनों की लंबी कतार।

### सख्त से सख्त सजा सुनिश्चित की जाए

**जींद।** नागरिक एकता मंच के आह्वान पर अंबेडकर चौक, रानी तालाब से लेकर पुराने बस अड्डे तक मनीषा को न्याय दिलवाने व अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमें विभिन्नजन संगठनों ने हिस्सा लिया। कैंडल मार्च से पहले अंबेडकर चौक पर श्रद्धांजलि सभा की गई। जिसकी अध्यक्षता शिक्षाविद एवं लेखक मंगत राम शास्त्री ने की। श्रदांजलि सभा में बोलते रमेश चंद्र, कपूर सिंह, सुधीर शास्त्री, कर्मबीर संधु, रामफल दहिया, सोहन दास, सन्नी पटवारी आदि ने बताया कि भिवानी के सिंघानी में कार्यरत ढाणी लक्ष्मण की 19 वर्षीय अध्यापिका की संदिग्ध परिस्थितियों में दर्दनाक मौत ने पूरे मानव समाज को झकझोर दिया है। 11 अगस्त को जब मनीषा घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोगों ने पुलिस में शिकायत करनी चाही लेकिन पुलिस ने बेशर्मी के साथ परिवार के लोगों को भगा दिया। पुलिस प्रशासन द्वारा तत्परता से कोई कार्यवाही नहीं की गई। परिणामस्वरूप 13 अगस्त को मनीषा का शव क्षत विक्षत अवस्था में खेतों में बरामद हुआ। शव के कुछ हिस्से भी गायब मिले हैं। इस पूरे मामले में हरियाणा में भारी रोष व्याप्त है। मौजूद संगठनों ने मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और सच्चाई सामने लाई जाए तथा जो भी दोषी हैं, उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी करके सख्त से सख्त सजा सुनिश्चित की जाए।





जींद। कैंडल मार्च निकालते जनसंगठनों के कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### मनीषा हत्याकांड के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**राजौंद।** भिवानी में घटित मनीषा हत्याकांड ने न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश को हिला कर रख दिया है। 19 वर्षीय शिक्षिका मनीषा जो अपने भविष्य को संवारने के लिए नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश लेने की प्रक्रिया के लिए घर से निकली थी और कभी वापस नहीं लौटी। इस घटना के विरोध में गांव कसान में युवाओं ने सोमवार को देर सांय मनीषा की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया व न्याय की मांग की। कैंडल मार्च में भारी संख्या में युवा व ग्रामीण शामिल थे उन्होंने सरकार से दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। युवाओं ने कहा कि यह केवल एक व्यक्तिगत अपराध नहीं है बल्कि यह पूरे प्रशासन और सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की असफलता का प्रतीक है। यहां उल्लेखनीय है कि मनीषा भले ही दुनिया से चली गई लेकिन मनीषा की मौत और प्रशासन व सरकार द्वारा जांच के नाम पर अपनाए जा रहे रुख को लेकर पूरा प्रदेश सुलगता नजर आ रहा है। प्रदेश में भिन भिन स्थानों पर रोष प्रदर्शन होना ज्ञापन देने जैसे उग्र आयोजन हो रहे है। जहां मनीषा की मौत व जांच से असंतुष्ट परिजनों व अन्य ग्रामीणों ने धरना लगाया हुआ है वही पुरे प्रदेश में हर रोज किसी ना किसी माध्यम से मनीषा केस की जांच व न्याय दिलाने को प्रदेश वासी सड़कों पर आना आम दिनचर्या बन चुकी है। चाहे शिक्षण संस्थाओं के बच्चे हो या अकादमी के बच्चे सभी ने इंसाफ मांगा।



राजौंद। गांव कसान में कैंडल मार्च निकालते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि



राजौंद। जाम लगाकर रोष प्रकट करते ग्रामीण व युवा। फोटो :हरिभूमि

## भिवानी पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी

- जाम लगने से मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लगी लंबी लाइने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

भिवानी की शिक्षिका मनीषा की हत्या के विरोध में मंगलवार को सुबह कसान गांव के युवाओं ने गांव से गुजरने वाले कैथल जींद मार्ग पर जाम लगाकर न्याय की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन और सरकार के विरुद्ध जमकर रोष प्रकट किया। युवा ने मुख्य मार्ग पर बुगी इत्यादि खड़ी करके सड़क पर बैठ गए और सरकार विरोधी नारेबाजी शुरू कर दी। जाम लगने से मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइने लग गई।

एक घंटे तक लगे जाम में राहगीरों को काफी परेशानी हुई। जाम की सुचना पाकर राजौंद पुलिस मौके पर पहुंच गई व ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। लेकिन काफी बहस व तर्क वितर्क के बाद युवाओं ने जाम खोला। राजौंद थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया की जैसे ही जाम की सुचना प्राप्त हुई तुरंत ही पुलिस मौके पर पहुंच गई व ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाकर यातायात को सुचारु कर दिया गया। बता दें कि भिवानी की शिक्षिका मनीषा भले ही दुनिया से चली गई लेकिन मनीषा की मौत और प्रशासन व सरकार द्वारा जांच के नाम पर अपनाए जा रहे रुख को लेकर पूरा प्रदेश सुलगता नजर आ रहा है। प्रदेश में भिन भिन स्थानों पर रोष प्रदर्शन होना ज्ञापन देने जैसे उग्र आयोजन हो रहे है। जहां मनीषा की मौत व जांच से असंतुष्ट परिजनों व अन्य ग्रामीणों ने धरना लगाया हुआ है वही पुरे प्रदेश में हर रोज किसी ना किसी माध्यम से मनीषा केस की जांच व न्याय दिलाने को प्रदेश वासी सड़कों पर आना आम दिनचर्या बन चुकी है। चाहे शिक्षण संस्थाओं के बच्चे हो या एकादमी के सभी मनीषा केस को लेकर सरकार व प्रशासन से न्याय की मांग करते नजर आ रहे है।



राजौंद। ग्रामीण व युवाओं को समझाते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### लंबित मांगों को लेकर की नारेबाजी

**जींद।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की अगुवाई में सिंचाई विभाग अधीक्षक अभियंता कार्यालय, पब्लिक हेल्थ अधीक्षक अभियंता कार्यालय व भवन और सड़क निर्माण विभाग अधीक्षक अभियंता कार्यालय पर सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान विजेंद्र शर्मा ने कीए जबकि मंच संचालन जिला सचिव सतीश भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर अधीक्षक अभियंताओं के माध्यम से प्रमुख अभियंता को मांग पत्र सौंपा गया। सर्व कर्मचारी संघ जींद जिला प्रधान संजीव ढांडा व जिला प्रधान विजेंद्र ने सरकार से मांग की कि रेशनेलाइजेशन रिपोर्ट को तुरंत रद्द किया जाए। सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। निजीकरण की नीतियों पर रोक लगाई जाए। खाली पदों पर स्थाई भर्ती की जाए। पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाए। मेडिकल कैशलेस सुविधा लागू की जाए व एक्सग्रेसिया योजना में लगाई गई सभी शर्तों को वापस लिया जाए। राज्य प्रेस सचिव संदीप राठी ने कहा कि इन मांगों को लेकर यूनियन द्वारा 18 से 20 अगस्त तक प्रदेशभर में अधीक्षक अभियंता के माध्यम से ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

## नागरिक अस्पताल के पुराने भवन के जीर्णोद्धार को लेकर अब बना लगभग 14 करोड़ का बजट

- पहले बनाया था 4.32 करोड़ का बजट,एसीएस के निर्देशों के बाद बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सब कुछ ठीक रहा तो जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के दिन बहुरने वाले हैं। लगभग 50 साल पहले बनाई गई बिल्डिंग अपने जीर्णोद्धार को लेकर तरस रही है। नागरिक अस्पताल के पुराने भवन के जीर्णोद्वार को लेकर अस्पताल प्रशासन को पीडब्ल्यूडी ने दो बजट दिए हैं। इसमें एक तो 4.32 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार हुआ है। इसमें भवन के अंदर का सुधार थाए लेकिन एसीएस ने दौरा कर इसमें कुछ अन्य सुझाव दिए। उन सुझाव के आधार पर इस भवन और चाहरदीवार का बजट बढ़कर लगभग 14 करोड़ रुपये बना। इस राशि से अस्पताल के अंदर के सुधार, शौचालय, जर्जर भवन के सुधार के लिए काम होगा। इसके अतिरिक्त बाहर की चाहरदीवारी व कुछ अन्य माइनर वर्क के लिए एस्टीमेट तैयार करवाया तो बजट लगभग 15 करोड़ रुपये का बना। सबसे बड़ी बात है कि इस भवन का लेंटर टपक रहा है। लेंटर की हालात ज्यादा कंडम होने के कारण अस्पताल पर खर्च होने वाली राशि का भी डर रहेगा। हालांकि एसीएस ने कार्य में देरी न हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग व पीडब्ल्यूडी से कार्य करवाने के लिए कमेटी में एडीसी को भी शामिल किया था।

### भवन को आधुनिक सुविधाओं युक्त बनवाया जाएगा

नागरिक अस्पताल की सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि पहले 4.32 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनाया था। इस दौरान एसीएस का दौरा हुआ तो उन्होंने इसके कुछ अन्य सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद अस्टीमेट बढ़कर लगभग 14 करोड़ रुपये का बना है। इससे भवन को आधुनिक सुविधाओं युक्त बनवाया जाएगा ताकि मरीजों व प्रशासनिक कार्य करने में यहां पर कोई दिक्कत न रहे। अस्पताल के पुराने भवन में बेहतर सुविधाएं देने के लिए अस्पताल का जीर्णोद्धार करवाया जाएगा।



उचाना। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

### उचाना में विद्यार्थियों, युवाओं का प्रदर्शन

**उचाना।** भिवानी की महिला टीचर मनीषा की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर उचाना में विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया। मंगलवार को शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी फायर ब्रिगेड के पास मंडी में एकत्र हुए। प्रदर्शनकारी उपमंडल कार्यालय तक मार्च करते हुए पहुंचे और नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हरियाणा में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया जा रहा हैए लेकिन वास्तविकता में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। विकास काला चेयरमैन नपा ने कहा कि लाइब्रेरी, कॉलेज सेंटरों में पढने वाले सभी विद्यार्थी थे। शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया गया। जो भिवानी जिले में हुई दर्दनाक घटना को लेकर ज्ञापन देने आए थे। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। प्रशासन लीपापोती कर रहा है। कई दिनों से लड़की लापता रही, उसकी कोई सुध प्रशासन से नहीं ली। सरकार के दबाव में लीपापोती की जा रही है। विनोद ने कहा कि उचाना के सभी शिक्षण संस्थानों ने मिलकर यह प्रदर्शन किया है।

**बाल विवाह करने वाले परिवार का होगा सामजिक बहिष्कार**

# बाल विवाह रोकने के लिए आगे आई नौ पंचायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला की नौ ग्राम पंचायतों को स्वतंत्रता दिवस पर विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। इसमें गांव में बाल विवाह निषेध अधिनियम की पूर्ण पालना करने के साथ-साथ बाल विवाह करने करने वाले परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने का प्रस्ताव पास किया गया। ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया जाए कि ग्राम सभा के सभी सदस्य बाल विवाह का पुरजोर विरोध करते हैं और भविष्य में यदि कोई भी परिवार बाल विवाह के किसी केस में सम्मिलित पाया गया तो उसका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। प्रस्ताव पास करने वाले गांवों में सिसला, जाखौली कमान, सेगा, शेरगढ़, क्योडक,नरवल, ढांड, कौल व काकल गांव शामिल रहे। ग्राम सभा में बाल विवाह से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा गांव के विकास के विकास और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विचार विमर्श किया गया। डीडीपीओ रितु लाठर ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार बाल विवाह करना कानून अपराध होने के साथ-साथ बाल विवाह एक सामाजिक बुराई भी है। 18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के नाबालिग माना जाता है। कम आयु में शादी करने से लड़का व लड़की का भविष्य खराब हो जाता है। इससे शरीर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों की शादी निर्धारित उम्र से पहले न करके उनके अंदर हुनर पैदा करें। कोई भी व्यक्ति, जो बाल विवाह करवाता हैं, उसको बढ़ावा देता हैं या उसकी सहायता करता हैं तो दो साल तक की कड़ी कैद और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता हैं।



कैथल। ग्राम सभा करते जिला प्रशासन के कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



जींद। डिप्टी स्पीकर को ज्ञापन सौंपते कमेटी सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### तालमेल कमेटी ने डिप्टी स्पीकर को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग में जियो फैंन्सिग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के आदेश को अव्यवहारिक व असंवैधानिक को वापिस लेने की मांग को लेकर मंगलवार को विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की तालमेल कमेटी ने हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष और जींद से भाजपा विधायक डा. कृष्णलाल मिड्ढा से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विधानसभा के उपाध्यक्ष से इस गैर कानूनी आदेश को वापस लेने के लिए मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री तक आवाज पहुंचाने की मांग की। डिप्टी स्पीकर ने ने तालमेल कमेटी को आश्वासन दिया कि इस बारे मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से बातचीत करके उचित समाधान निकलवाया जाएगा और किसी के साथ भी अन्याय नही होने दिया जाएगा। जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति दर्ज करने के आदेशों को वापस नही लिया गया तो 28 अगस्त को राज्य के सभी सिविल सर्जन कार्यालय तथा जिला नागरिक अस्पताल के सम्मुख 24 घंटे की भूख हड़ताल करेंगे।

## खबर संक्षेप

### डीएवी स्कूल में अस्मिता वूमेन लीग का आयोजन 29 को होगा

**जींद।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में डीएवी पब्लिक स्कूल में 29 अगस्त को अस्मिता वूमेन लीग का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन भारत सरकार साई खेल विभाग के सौजन्य से हरियाणा योगासन खेल एसोसिएशन द्वारा किया जाएगा। खेल और योग को बढ़ावा देने की दिशा में भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा देश के 50 शहरों में अस्मिता वूमेन लीग का कार्यक्रम होगा।

### कल से शुरू होंगे स्पेशल और मर्सी चांस की परीक्षा

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में एबीवीपी इकाई अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि जींद विवि में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद ने विवि के कंट्रोलर को मांग की थी कि यूजी पांच और पीजी तीन सेमेस्टर के विद्यार्थियों को स्पेशल चांस दिया जाए ताकि विद्यार्थियों को एडमिशन आगे लेने समस्या होती है। इस पर विवि प्रशासन ने छात्र हित में निर्णय लेकर यह परीक्षा 20 अगस्त से शुरू करवाने का निर्णय लिया है।

### अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया

**जींद।** विश्व फोटोग्राफी दिवस पर फोटो वीडियो वेलफेयर सोसायटी द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर सचिव कृष्ण अरोड़ा ने कहा कि जो पेड़ लगाता है, वह अपने अलावा दूसरों से भी प्रेम करता है। हम सभी ने मिलकर अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने का संदेश दिया। प्रधान बलजीत रेढ़ू, कैशियर सुमित शर्मा, केसी शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### अभय चौटाला 22 को लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

**जींद।** इनेलो नेता अभय चौटाला 22 अगस्त को जाट धर्मशाला में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। यह जानकारी इनैलो जिला प्रधान विजेंद्र रेढ़ू ने दी ओर कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में बैठक में भाग लें।

### एक दिवसीय डे लॉग बाजार 30 अगस्त को

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में 30 अगस्त को एक दिवसीय डे लॉग बाजार का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कचरे से उपयोगी वस्तुएं बनाने की सोच को प्रोत्साहित करना है। इस आयोजन के मुख्य संरक्षक एस नारायणन आईएफएस निदेशकए उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा हैं। जबकि संरक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक हैं। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डा. मंजीत श्योकंद और अंजना द्वारा किया जाएगा।

### पुत्र के जन्मदिन पर लगाया पौधा

**जींद।** युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष और जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढ़ू ने अपने पुत्र गर्वित रेढ़ू के पहले जन्मदिन पर पौधा लगा कर जन्मदिन मनाया। प्रदीप रेढ़ू ने कहा कि हमें अपने हर जन्मदिन व सामाजिक कार्य में पेड़-पौधे लगा करके मनाना चाहिए। उसने अपने पुत्र के जन्मदिन पर मंगलवार को पौधा लगाया और हर साल यह पौधारोपण करता रहेगा। इससे पहले गायों को चारा और बंदरों को फल डाले गए।

### श्री श्याम छठी महोत्सव का आयोजन 21 को

**उचाना।** शहर की लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला में 21 अगस्त को श्री श्याम छठी महोत्सव का आयोजन होगा। दोपहर दो बजकर 15 मिनट से छठी महोत्सव शुरू होगा। पं. सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि कृष्णा जन्माष्टमी 16 अगस्त की थी। कृष्णा जन्माष्टमी के बाद छठी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

### नीरज जिला बाल कल्याण समिति का सदस्य बनी

**अलेवा।** प्रदेश सरकार द्वारा गोस्वामी नीरज देवी को जिला बाल कल्याण समिति का सदस्य बनाए जाने पर नगूरां गांव में खुशी का माहौल है। जिला बाल कल्याण समिति का सदस्य बनाए जाने पर नीरज देवी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली, भाजपा महामंत्री सुरेंद्र पुनिया का धन्यवाद किया।

## तीन दिवसीय प्रांतीय खेलकूद समारोह का समापन

# 1500 मीटर में अश्विन कुरूक्षेत्र अव्वल, हर्षित रोहतक द्वितीय

### प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र बना ओवरऑल चैंपियन

समापन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद







विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते व प्रतियोगिता के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय खेलकूद समारोह का समापन उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद की अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि विद्या भारती न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए जानी जाती है बल्कि वह छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों को भी उतना ही महत्व देती है। डा. सैनी ने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को विकसित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा की भूमि ने अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिए हैं और यह परंपरा निरंतर आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष राधेश्याम चिल्लाना ने की। तीन दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 400 से अधिक छात्र व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब कुरुक्षेत्र ने अपने नाम किया। जिसने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बेस्ट एथलीट के रूप में कुरुक्षेत्र, जींद, रोहतक, गोहाना और कालांवाली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। समारोह में आए सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कौशिक द्वारा किया गया। समापन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। जिन्हें मुख्य अतिथियों सहित अन्य उपस्थित जनों ने मुक्त कंठ से सराहा। मुख्यअतिथि डा. अनुराधा सैनी और विशिष्ट अतिथि घनश्याम चिल्लाना को उत्तर क्षेत्र प्रभारी मलखान सिंह एवं प्रधानाचार्य अजय कौशिक द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रबंध समिति के पूर्व सदस्य एवं प्रांत खेल प्रभारी किशोर, शिक्षाविद, अभिभावकगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। सभी ने विद्या भारती द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

#### ये रहा परिणाम

रिले दौड़ अंडर 11 में रोहतक से जतिन, उदय, भाविक, मयंक प्रथम, जतिन, वंश, आयुष, समर कुरूक्षेत्र से द्वितीय, अभय, अंशिक, रितिक, यश तृतीय रहे। बाधा दौड़ 80 मीटर अंडर 14 में पारूल रोहतक प्रथम, यहोमा कुरूक्षेत्र द्वितीय, गर्विता तृतीय रही। 1500 मीटर दौड़ में अश्विन कुरूक्षेत्र प्रथम, हर्षित रोहतक द्वितीय व सुमित कुरूक्षेत्र तृतीय रहे। हैमर थ्रो में संयम कुरूक्षेत्र प्रथम, मोहित रोहतक द्वितीय व सागर रोहतक तृतीय रहे।




जींद। सर्वे करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

## जींद: पेयजल और सीवरेज के संरक्षण में जुटे स्वयंसेवी युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

माये भारत पोर्टल के माध्यम से स्वयंसेवी युवाओं ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के ग्रामीण द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत पंजीकृत उपभोक्ताओं के डाटा में सुधार, नए कनेक्शन और अन्य सहायक गतिविधियों के लिए अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत मंगलवार को बराह कलां सहित कई गांव में स्वयं सेवी युवा घर पहुंचे और डाटा एकत्रित किया। जबकि दूसरी तरफ नरवाना के गांव सुरजा खेड़ा व जुलाना के गांव बरार खेड़ा में जल संरक्षण अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया गया। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एव स्वच्छता सहायक संगठन जींद के जिला सलाहकार डा. रणधीर मतशाना ने बताया कि माय भारत पोर्टल के माध्यम से 30 जुलाई तक स्वयंसेवी के आवेदन मांगे गए थे। जिन्हें चार अगस्त को टरेनिंग देकर गांव में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के पेयजल एवं शिवर से संबंधित डाटा में सुधार, कनेक्शन वेद करवाने की जानकारी एकत्रित करने सहित अन्य सहायक गतिविधियां करवाई जा रही हैं। इससे पूर्व स्वम सेवकों को एक से चार अगस्त तक जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यो पेयजल आपूर्ति योजनाओं की विभागीय प्रयोगशालाओं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की गतिविधियों ग्राम जल एवं सीवरेज समितियां और स्वयं सहायता समूह से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके पश्चात पांच से 26 अगस्त 2025 तक स्वयंसेवक घर-घर जाकर पेयजल कनेक्शन में सुधार, अस्वच्छ कनेक्शन, लीकेज तथा पेयजल परीक्षण से संबंधित सर्वेक्षण का कार्य कर रहे हैं। बराह कलां में खंड समन्वयक दिनेश मलिक के नेतृत्व में स्वयंसेवी युवाओं ने सर्वे का कार्य किया। जबकि दुसरी तरफ जुलाना के गांव बरारखेड़ा में सोमलता सैनी व नरवाना के गांव सुरजा खेड़ा में कनिष्ठ अभियंता कुशल पाल व खंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में गांव में गठित सर्व कलियान सेवा समिति सुरजाखेड़ा के साथ मिलकर जल संरक्षण अभियान चलाया।

#### राहुल के बयानों का लोग उड़ा रहे मजाक

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि चुनाव आयोग हमेशा पारदर्शिता के साथ काम करता है और कांग्रेस 55 साल तक चुनाव जीतती रही है। क्योंकि देश की जनता उन्हें वोट देती रही। अब जब जनता बीजेपी को वोट दे रही है तो बीजेपी जीत रही है। अत्री ने कहा कि चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को उनके बयान पर नोटिस दिया है और उन्हें इसका जवाब देना चाहिए। 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा होगा। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में निरंतर देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज दुनिया में भारत सशक्त बनता जा रहा है। ये पीएम नरेंद्र मोदी बदौलत है कि आज भारत देश ने पूरी दुनिया में सबसे अलग पहचान दिलाने का काम किया है। पत्रकार वार्ता में राहुल गांधी के वोट चोरी वाले बयान पर पलटवार करते अत्री ने कहा कि लोग राहुल गांधी के बयानों का मजाक उड़ाते हैं क्योंकि जब कोई पार्टी चुनाव जीतती है तो उन पर आरोप लगाए जाते हैं लेकिन जब कांग्रेस जीतती है तो मशीनें ठीक काम करती हैं।



उचाना। लोगों की समस्याओं को सुनते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

#### दीक्षारंभ ओरिएंटेशन प्रोग्राम की शुरूआत

**जींद।** जीआईईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस जींद में दीक्षारंभ 2025 ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शुभारंभ सोमवार को हवन यज्ञ के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रांगण में विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच छात्रों और शिक्षकों ने मिल कर हवन में आहुति दी और नव प्रवेशी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. डा. राजेंद्र कुमार अनायत अखिल भारतीय प्रमुख, भारतीय ज्ञान संपदा एवं पूर्व कुलपति ने शिरकत की। इस अवसर पर जाइट प्रबंध निदेशक अभिषेक बंसल, प्रधानाचार्य डा. संतोष कुमार सिंह, साइबर इंटेल स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चंडीगढ़ से अभिषेक कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर फाइन आट्र्स डा. सुमित कुमार, डीन जाइट इंजीनियरिंग कॉलेज जींद प्रो. भास्कर शर्मा, रजिस्ट्रार आशीष सिंगला तथा एसोसिएट प्रोफेसर डा. गौरव शर्मा सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे।

#### दो दिवसीय ओरिएंटेशन सेमिनार प्रारंभ

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की ओर से मंगलवार को दो दिवसीय ओरिएंटेशन सेमिनार प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि महाविद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान ही नहीं हैए बल्कि व्यक्तित्व विकास का भी केंद्र है। विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे कॉलेज की विभिन्न शैक्षणिक व सहपाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें और उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं। कार्यक्रम का संचालन आईक्यूएसी समन्वयक डा. सतीश ने बताया कि ओरिएंटेशन सेमिनार में विद्यार्थियों को कालेज की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों, छात्र प्रकोष्ठों, टाइम टेबल, छात्रवृत्ति योजनाओं तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



उचाना। ओरिएंटेशन सेमिनार में बच्चों को संबोधित करते प्राध्यापक।



जींद। कैंप में जांच करते आई सर्जन डा. गितांशु। फोटो :हरिभूमि

#### ओल्ड एज होम में वृद्धों की जांची आंखें

**जींद।** अमर ज्योति फाउंडेशन ओल्ड एज होम वार्ड नंबर 13 जुलाना में सोमवार को हेल्थ विभाग के सहयोग से हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया तथा मुफ्त दवाइयां वितरित की गई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने बताया कि समय-समय पर इस प्रकार के मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप बीमार बुजुर्ग के इलाज में अहम योगदान देते हैं। इससे पहले भी बीमार बुजुर्गों के इलाज के लिए ओल्ड एज होम में हेल्थ चेकअप कैंप लगाए जाते हैं। रोग विशेषज्ञ डा. अंजलि, आई सर्जन डा. गितांशु, इरफान व अर्जुन सहायक द्वारा लगभग 25 बीमार बुजुर्गों का पूर्ण चेकअप व टैस्ट किए गए तथा दवाइयां वितरित की गई। इसके अलावा जिला समाज एवं कल्याण अधिकारी सरोज देवी भी मौजूद थी। उन्होंने बुजुर्गों की पेंशन संबंधी समस्या व जनकल्याणकारी योजनाओं में आ रही समस्याओं की जानकारी ली तथा समस्याओं के समाधान भी किए। बताया कि आगामी 13 सितंबर को न्यायिक परिसर जींदए नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।



जींद। खेल गांव निडानी के सीआरपी अमर जवान शहीद इंस्पेक्टर कुलदीप की प्रतिमा।

#### कुलदीप मलिक की प्रतिमा का अनावरण

**जींद।** खेल गांव निडानी के सीआरपी अमर जवान शहीद इंस्पेक्टर कुलदीप मलिक के शहीदी दिवस पर उनके खेल गांव निडानी में स्मृति स्थल पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर रुद्राक्ष मिड्ढा, कुलदीप रंधावा, एचसीएस अनिल दून, वीरेश शांडिल्य, सीआरपी की ओर डीआईजी कोमल सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मंच का संचालन जिला पार्षद अमित निडानी द्वारा किया गया। शहीद इंस्पेक्टर कुलदीप मलिक की सबसे पहले सभी ने प्रतिमा अनावरण किया गया। इसके बाद ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान गाया गया उसके बाद शहीद की धर्मपत्नी द्वारा प्रतिमा के आगे ज्योति प्रज्ज्वलित की गई और फूल मालाओं से शहीद इंस्पेक्टर कुलदीप मलिक को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गौरतलब है कि पिछले साल 19 अगस्त को उधमपुर में इंस्पेक्टर कुलदीप मलिक अपनी बटालियन को लेकर आतंकवादियों के सर्च अभियान में लगे हुए थेए तभी घात लगाए हुए आतंकवादियों ने इंस्पेक्टर कुलदीप मलिक पर गोलियां चला कर हमला कर दिया।

## नशे की लत से दूर रहें युवा : डॉ. मधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा

राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्राचार्या सुनिता दुग्गल की अध्यक्षता में नशा विरोधी सेल द्वारा नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नशा विरोधी सेल प्रभारी डा. मधुबाला ने किया। निबंध प्रतियोगिता में हिमांशु ने प्रथम, मनजीत ने द्वितीय तथा खुशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

डा. मधुबाला ने बताया कि विद्यार्थियों ने अंग्रेजी व हिंदी दोनों भाषाओं का प्रयोग करके नशे से दूर रहने का संदेश दिया। डा. मधु ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा निबंध के माध्यम से लोगों को बताया कि नशे की लत में फंसे बच्चे अक्सर अपने परिवार से दूर हो जाते हैं और इससे परिवारों में अविश्वास और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और परिवार टूटने के कगार पर पहुंच जाता है। इसलिए विद्यार्थी अपने आसपास लोगों को नशे के प्रति जागरूक करें।



अलेवा। राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।




जुलाना। कालेज में छात्राओं को सम्मानित करते स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

#### मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के एसजी कालेज ऑफ एजूकेशन में बीएड के प्रथम और द्वितीय वर्ष के मेधावी छात्रों को सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य अशोक नरवाल ने शिरकत की। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य अशोक नरवाल ने कहा कि कालेज की छात्रा वंदना ने प्रथम वर्ष में 575 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। रीतू ने 570 अंक प्राप्त कर दुसरा तो यशिका ने 561 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ष में रीतू ने 611 अंक प्राप्त कर प्रथमए पिंकी ने 591 अंक प्राप्त कर दूसरा और काजल और सुरज कपरी ने 590 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने कहा कि अन्य छात्रों को भी मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करनी चाहिए। कालेज के डायरेक्टर बलवान सिंह मलिक ने कहा कि कालेज का बेहतरीन परिणाम छात्रों को लग्न और स्टाफ की कड़ी मेहनत का नतीजा है।

## सीआरएसयू में कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष विद्यार्थियों का इंडक्शन कार्यक्रम

# अपने दु:खों को मित्र के साथ सांझा जरूर करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



बच्चों को संबोधित करते सीआरएसयू विवि के प्रथम कुलगुरु मेजर जनरल डा. रणजीत सिंह।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का इंडक्शन प्रोग्राम आरंभ किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रथम कुलगुरु मेजर जनरल डा. रणजीत सिंह एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु डा. एके चावला का मार्गदर्शन मिला। डा. रंजीत सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते बताया की जीवन में सेहत का अत्यंत महत्व है। यदि शरीर स्वस्थ होगा, तभी व्यक्ति अच्छा काम कर सकता है। बताया कि आजकल के विद्यार्थी बहुत जल्दी स्ट्रेस ले लेते हैं एवं जीवन से निराश हो जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते कहा कि विद्यार्थियों को प्रतिदिन व्यायाम एवं मेडिटेशन करना चाहिए। तभी शरीर एवं जीवन को सही बनाया जा सकता। उन्होंने बताया कि स्ट्रेस का समाधान निरंतर अभ्यास से किया जा सकता है। हमें अपनी क्षमताओं पर ध्यान देना चाहिए। विचारों पर नियंत्रण पाना चाहिए। अहंकार को न्यूनतम करना चाहिए, अपने दुखों को किसी न किसी मित्र के साथ सांझा करना चाहिए, अपेक्षाएं कम करनी चाहिए एवं भगवान में विश्वास रखना चाहिए। डा. एके चावला ने विद्यार्थियों का आह्वान करते कहा कि यदि देश को विकसित बनाना है तो युवाओं को मजबूत बनना होगा। उन्हें स्ट्रेस को मैनेज करने के लिए नशे का सहारा नहीं लेना अपितु आध्यात्मिक तरीके से इसे पार पाना है। जीवन को सफल बनाने के लिए माता-पिता व अध्यापकों पर भरोसा करना है एवं उनके बताए बताए पथ पर चलना है। अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण एवं प्रयासों के द्वारा ही विद्यार्थी युवा सफल हो सकते हैं। जब हम अपने विकास के बारे में सोचें तो केवल व्यवसायिक विकास के बारे में नहीं सोचना चाहिए। अपितु अपने साथियों एवं समाज के विकास के बारे में भी सोचना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जिक्र करते बताया कि ये भारत के शैक्षिक विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। अतः छात्रों को सोच समझकर विभिन्न प्रकार के विषयों का चयन करना चाहिए। इसके बारे में उन्हें अपने अध्यापकों से सलाह करनी चाहिए, तभी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य पूरा हो पाएगा।



नरवाना। मीटिंग में उपस्थित अग्रवाल समाज के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

#### परिचय सम्मेलन को लेकर बैठक

**नरवाना।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज नरवाना के पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्ष विशाल गोयल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सात सितंबर को जींद में होने वाले ऐतिहासिक वैवाहिक परिचय सम्मेलन को लेकर विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष विशाल गोयल व प्रचार समिति के जिला संयोजक और नरवाना मीडिया प्रभारी मोहित बंसल ने कहा कि आज समाज में शादी के लिए योग्य वर या वधू का मिलना एक बहुत बड़ी चुनौती बना हुआ है। कम लिंगानुपात, बिचौलियों की खत्म होती भूमिका, एकाकी परिवार और अन्य कई कारणों की वजह से युवाओं के रिश्ते नहीं हो पा रहे। इस समस्या को देखते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा की ओर से सात सितंबर को जींद में एक ऐसा आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन एक ऐतिहासिक सम्मेलन होगा। इस सम्मेलन में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों से आए हजारों अग्र बंधुओं की उपस्थिति में सैंकड़ों पंजीकृत प्रत्याशी अपने जीवन साथी का चयन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे डिजिटलः एडीसी

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि हयमून कैपिटल फॉर भारत विकास थीम के अंतर्गत 16 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में एलईडी मोनिटर सिस्टम लगाए जाएंगे। आगामी सितंबर माह में आंगनवाड़ी वर्करों को पोषण की पढ़ाई की ट्रेनिंग भी करवाई जाएगी। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का मजबूत करने के लिए प्लान तैयार किया जाएगा। आंगनवाड़ी केंद्रों के विषय में अधिकारियों से जानकारी ली।

### एससी को रोजगार के लिए दिया जा रहा ऋण

**कैथल।** अनुसूचित जाति वित एवं विकास निगम कैथल के जिला प्रबंधक चंद्र प्रकाश ने बताया कि विभाग एसी व्यक्तियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। योजना के तहत माइक्रो फाइनेंस स्कीम और टर्म लोन स्कीम चलाई जा रही है। एससी परिवारों अपना स्वयं का कारोबार करने के लिए एक लाख व टर्म लोन स्कीम के तहत दो लाख का ऋण मिलता है।

### 21 को चाबा में प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आगामी 21 अगस्त को गुहला खंड के गांव चाबा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस रात्रि ठहराव में डीसी प्रीति व एसपी आस्था मोदी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा और उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा।

### शिव कॉलेजः 2 दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**राजौंद।** जाखौली स्थित शिव शंकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य रमेश कुमार तथा डीआईईटी कैथल के चंदर किशोर ने विशेष रूप से शिरकत की और अपने प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण केवल पेशेवर ज्ञान तक सीमित नहीं है।

### अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान दयालु योजना

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसमें एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता व सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी में एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख तक की आर्थिक सहायता दी जाती है।

### चोरों ने मकान से लाखों के जेवरात चुराए

**कैथल।** कानूनगो मोहल्ले में चोर एक मकान से करीब 4 लाख के सोने- चांदी के गहने व हजारों की नकदी चोरी कर ले गए। घटना के समय परिवार किसी निजी कार्य से दिल्ली गए हुए थे। पड़ोस के लोगों ने जब मकान के ताले टूटे हुए देखे और सामान बिखरा हुआ देखा तो तुरंत मकान मालिक को इसकी सूचना दी।

### मुख्य गली में जमा पानी से श्रद्धालु परेशान

# बरटा की छिंदड पट्टी में तालाब ओवरफ्लो, गलियों में पानी जमा

कई बार अगवत करवाने के बावजूद पंचायत नहीं कर रही कार्रवाई, वाहन चालक भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

बरटा गांव की छिंदड पट्टी में तालाब ओवरफ्लो होने के कारण मुख्य गली में पानी जमा होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह गली न केवल गांव को संगतपुरा रोड से जोड़ती है बल्कि यहाँ ग्रामीणों की आस्था के केंद्र 2 मंदिर भी है जिनमे जाने के लिए ग्रामीणों को इस पानी में से गुजरना पड़ता है। तालाब ओवरफ्लो होने से पानी गली में खड़ा रहता है, जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों को मजबूरन गंदे पानी में से निकलना पड़ता है। स्थानीय निवासियो ने बताया कि उन्होंने इस समस्या के बारे में कई बार ग्राम पंचायत को अवगत करवाया है लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं ग्राम पंचायत की ओर से तालाब ऊपर फाइल लगाई गयी है लेकिन बजट पास न होने के कारण



**कैथल।** बरटा गांव में गली में जमा गंदा पानी। फोटोः हरिभूमि

अब तक काम सिरे नहीं चढ़ा। गुरमेल सैनी नफे सिंह ने बताया कि लंबे समय से गली में पानी जमा है बारिश के मौसम में तो स्थिति और भी खराब हो जाती है। बारिश के मौसम में गली में जमा पानी पर मच्छर पैदा होते है जो विभिन्न बीमारिया फैलाते है। जलभराव इतना अधिक हो जाता है कि पैदल चलने वाले लोगों के साथ-साथ वाहनों का भी निकलना मुश्किल हो जाता है। हर रोज दुर्घटनाएं होने का खतरा बना रहता है।

#### महिलाओं को परेशानी

महिलाएं जब मंदिर में जाती है तो उन्हें गली में खड़े पानी के कारण बहुत परेशानी होती है। वहीं इस रास्ते से ग्रामीण खेतो में भी जाते है, पशुओं के लिए चारा लेकर आते हैं तो उन्हें पानी में से गुजरना पड़ता है। पानी निकासी के लिए मोटर लगाई गयी है लेकिन पानी ज्यादा मात्रा में होने के चलते वो भी बेअसर साबित हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि गली को दो फुट ऊंचा उठा दिया जाए तो समस्या का समाधान हो जाएगा और पानी गली में खड़ा नहीं होगा।

#### पंचायत के पास पैसे नहीं

सरपंच प्रतिनिधि महेश कुमार ने बताया कि तालाब में गाद जमा होने के चलते थोड़ी सी बारिश में ही पानी गली में भर जाता है। कई बार पंचायत द्वारा यह समस्या अधिकारियो के सामने रखी गयी है। कुछ समय पहले तालाब के लिए 85 लाख रूपये पास हुए थे लेकिन अभी तक बजट जारी नहीं हुआ जिस कारण समस्या बनी हुई है। जब तक तालाब का बजट जारी न अहि होता तब तक ग्राम पंचायत द्वारा मोटर लगाकर पानी निकाला जा रहा है।

# आवारा कुत्ते व बंदर पकड़ने की मांग

- मंदिर के पुजारी भी फरियाद लेकर नपा कार्यालय पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कलायत शहर में बढ़ती आवारा कुत्तों की ताबाद पर काबू पाने और वानरों को जंगल में छोडऩे की मांग को लेकर दोनों मनोनीत पार्षदों ने नगर पालिका कार्यालय का दरवाजा खटखटाया। प्राचीन कपिल मुनि मंदिर पुजारी अनिरूद्ध गौतम भी पहुंचे। मनोनीत पार्षद राजेश बैद व प्रवीण कांसल ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए समस्या का निवारण जरूरी है। शहर में आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और



**कैथल।** कलायत नगर पालिका में पहुंचे प्राचीन कपिल मुनि मंदिर पुजारी अनिरूद्ध गौतम व मनोनीत पार्षद राजेश बैद। फोटोः हरिभूमि

राहगीरों को आए दिन खतरा बना रहता है। वानरों के दलों से भी लोगों में भय का माहौल है। वानर घरों में घुसकर सामान का नुकसान पहुंचाती है। कई बार लोगों को घायल भी कर चुके हैं। घटनाओं को रोकना अब प्रशासन की प्राथमिकता दे। शिष्टमंडल में शामिल पार्षदों के साथ कपिल मुनि मंदिर पुजारी अनिरूद्ध गौतम भी शामिल हुए।

# छात्राओं को आत्मनिर्भरता और समानता की दी सीख

- डीएवी कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ का किया उद्घाटन।

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

डीएवी कॉलेज पूंडरी में महिला प्रकोष्ठ के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और सामाजिक समानता से जुड़े मुद्दों पर जानकारी दी गई। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेश तुरान ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को शिक्षा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। महिला प्रकोष्ठ की



**पूंडरी।** मुख्य वक्ता को सम्मानित करते हुए प्रिंसिपल डॉ राजेश तुरान व अन्य।

गतिविधियाँ न केवल छात्राओं को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि उन्हें समाज में अपनी भूमिका को और प्रभावी ढंग से निभाने के लिए भी तैयार करती हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. निधि वत्स ने छात्राओं को संबोधित किया।

### लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में कांग्रेस सबसे आगे

**पूंडरी।** कांग्रेस नेता कंवरपाल करोड़ा ने कहा कि फर्जी वोटों का मुद्दा लोकतंत्र की जड़ों पर सबसे बड़ा हमला है और इसकी लड़ाई कांग्रेस पूरी ताकत से लड़ेगी। देश की जनता राहुल गांधी के नेतृत्व में हो रहे इस आंदोलन के साथ है लोकतंत्र की रक्षा की जाएगी। भाजपा सरकार जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। आज देश में महंगाई चरम पर है, बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी है और किसान अपनी फसलों के उचित दाम के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन भाजपा जनता की आवाज सुनने के बजाय फर्जी वोटों जैसे हथकंडों से चुनावी जीत सुनिश्चित करने में लगी हुई है।

# बाल कलाकारों को मंच दे रही स्नेहा

- हरियाणवी फिल्म दादा लख्मी चंद में काम कर रहे चुकी स्नेहा वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

हरियाणवी सिनेमा की चर्चित फिल्म दादा लखमी में अभिनय कर चुकीं अभिनेत्री स्नेहा वर्मा ने बाल कलाकारों को मंच देने और उनके अभिनय कौशल को निखारने का बीड़ा उठाया है। फिल्म में उन्होंने दादा लख्मी की छोटी बहन छोटो का अभिनय किया था। प्राचीन कपिल मुनि मंदिर के सामने रहने वाली स्नेहा वर्मा के लिए फिल्मी दुनिया में प्रवेश का यह बड़ा अवसर रहा। स्नेहा वर्मा ने बताया कि हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। खासकर बच्चों में अद्भुत कला छिपी होती है। उन्हें सही दिशा,



**कलायत।** अपने घर की छत पर बच्चों को कला प्रशिक्षण देती स्नेहा वर्मा।

प्रशिक्षण और अवसर नहीं मिल पाता। इसी कमी को पूरा करने के लिए उन्होंने एक अभियान शुरू किया है। इसके तहत अपने घर की छत को उन्होंने कला का प्रशिक्षण केंद्र बनाया है। इसके जरिये अभिनय प्रतिभा को पहचाना जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए अभिनय न केवल एक करियर विकल्प है बल्कि यह आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति व मानसिक विकास का भी माध्यम बन सकता है। स्नेहा वर्मा खुद भी एक साधारण पृष्ठभूमि से आई हैं।

# संतोष देवी बनी महिला विंग की जिला प्रधान

- पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन की महिला जिला कार्यकारिणी का किया गया गठन।

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक कैथल में पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के सौजन्य से फैमिली वेलफेयर सेंटर का आयोजन किया,जिसमें डॉ निकिता सिरोही गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विशेषज्ञ ने महिला और पुरुष की ओ पी डी ईसीएचएस में ली। इसमें 46 मरीज को देखा गया इनके साथ डॉक्टर रमनदीप चर्म एवं बाल रोग विशेषज्ञ न भी 41 मरीज को ओपीडी में देखा,साथ ही फैमिली वेलफेयर सेंटर एवं मीटिंग का प्रोग्राम चलता रहा, उसमें पूर्व सैनिकों के साथ-साथ सैनिक



**कैथल।** बैठक करती पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन की महिला कार्यकारिणी। फोटोः हरिभूमि

परिवारों यानी मातृशक्ति की समस्याओं पर विचार विमर्श भी किया गया और प्रधान जगजीत फौजी जी ने मातृशक्ति को भी अपना प्रतिनिधि चुने के लिए बोला ताकि महिलाओं की समस्याओं के बारे में भी एसोसिएशन को पता चल सके।इसके लिए उपस्थित मातृशक्ति एवं पूर्व सैनिकों ने विचार विमर्श करते हुए संतोष देवी धर्मपत्नी पुर्व सैनिक सूबेदार ज्योतिराम गांव मानस को सर्व सम्मति से नियुक्त किया। उस पर सभी महिलाओं ने अपनी सहमति जताई। सेना में सेवाकाल की याद को ताजा करते हुए फैमिली वेलफेयर सेंटर के नाम से सभी को जलेबियां परोसी गई और अपने सेवाकाल को याद किया गया। प्रधान जी ने सैनिकों और पूर्व सैनिको के विषयो पर प्रकाश डाला। जो समस्या आई उनको अगली मीटिंग तक पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्रुप कैप्टन स्वरूप सिंह ओ आई सी व डॉक्टरो, फौजी कर्मवीर, सूबेदार मोतीराम जांगड़ा आदि ने भी अपने विचार रखें सैकड़ो पूर्व सैनिकों एवं मातृशक्ति की मौजूदगी में यह आयोजन सफल रहा।

# एमडीएन स्कूल के शिवम एमबीबीएस में चयनित

- शिवम गर्ग के चयन से स्कूल में खुशी, किया सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल के प्रतिभावान छात्र शिवम गर्ग सुपुत्र पियूष गर्ग ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट सफलता अर्जित कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिवम ने राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा नीट एवं यूजी - 2025 जो राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की गई, में ऑल इंडिया रैंक 4522 प्राप्त की। प्रथम चरण की काउंसलिंग में उसे प्रतिष्ठित पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रोहतक (पीजीआईएमएस, रोहतक) में



**कैथल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल के छात्र शिवम को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटोः हरिभूमि

एमबीबीएस पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश मिला है।

शिवम ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एमडीएन ग्लोबल स्कूल से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण की और अपनी अथक मेहनत, सतत लगन तथा उत्कृष्ट मार्गदर्शन से यह उपलब्धि प्राप्त की। इस गौरवमयी सफलता पर विद्यालय में हर्षोल्लास का वातावरण है। विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार एवं चेयरपर्सन निधि कंसल ने शिवम का सम्मान करते हुए कहा कि "यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे कैथल क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। शिवम ने यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण, मेहनत और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उसकी सफलता आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।"

#### परिवार को दी बधाई

प्रबंधक गौरव गर्ग एवं प्रधानाचार्य डॉ. सन्त कौशिक ने भी शिवम और उसके परिवार को हार्दिक बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया कि वह एक सफल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करे और मानवता के कल्याण में योगदान दे।

# जन्मदिन पर दिया गोसेवा का संदेश

- भाजपा नेत्री निधि मोहन ने अनोखे ढंग से मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

भाजपा नेत्री निधि मोहन ने अपना जन्मदिन अनोखे ढंग से मनाते हुए समाज के लिए मिसाल पेश की। उन्होंने मंदिर में हवन-यज्ञ कर ईश्वर का आशीर्वाद लिया और इसके बाद नज़दीकी गौशाला में पहुँचकर गोवंश को हरा चारा खिलाया। निधि मोहन ने कहा कि जन्मदिन केवल केक काटकर मनाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे सेवा और संस्कारों के साथ जोड़ना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने विशेष दिनों पर पौधारोपण, रक्तदान, गौसेवा और



**पूंडरी।** गौशाला में हवन यज्ञ करती भाजपा नेत्री निधि मोहन व अन्य।

समाजहित के कार्य करें ताकि सकारात्मकता फैले और लोगों को प्रेरणा मिले। गोशाला प्रबंधन ने भाजपा नेत्री के इस कदम की सराहना की और कहा कि इससे गौसेवा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ेगी। कार्यकर्ताओं व समर्थक भी शामिल हुए।

# खाद की कमी, डीसी से मिले

- किसानों ने पंचायत घर में बैठक कर समस्याओं पर की चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭पाई

मंगलवार को किसानों को फसल के लिये खाद न मिलने को लेकर पाई के पंचायत घर में एक बैठक की और वहां से सभी किसानों ने एक मत से फैसला लेकर उपायुक्त कैथल को ज्ञापन देने का निर्णय लिया। सुबह ही कुछ किसानों ने पाई की सोसाइटी में खाद की स्थिति जानी, परन्तु वहां पर खाद न मिलने को लेकर सभी किसान पाई सरपंच से पाई सोसाइटी से खाद दिलवाने की मांग की। सरपंच प्रतिनिधी नरेश ढुल ने सोसाइटी मनेजर से सोसाइटी में खाद का पता किया तो वहां से



**पाई।** पाई में बैठक करते किसान। फोटोः हरिभूमि

उनको बताया गया कि सितम्बर माह में खाद आने की सम्भावना है। फसल में खाद तो अब डाला जाना है। सितम्बर का भी पक्का पता नही कि खाद आयेगा या नही। उन्को पिछले छः माह से ऐसे ही बहकाया जा रहा है। उन्होंने पहले तो कहां कि क्यों न पाई सोसाइटी का ताला ही लगा दिया जाये। उसके बाद उन्होंने निर्णय लिया कि ताला लगाने से पहले कैथल उपायुक्त को ज्ञापन दिया जाए।

### शिक्षा व समाज सेवा में झींजर को मिली मानद डॉक्टरेट उपाधि

# लगन व कर्तव्य निष्ठा से जीवन होता है सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कर्तव्य को जीवन का कर्म मानने वाला व्यक्ति कभी पीछे नहीं रहता तथा लगन और कर्तव्य निष्ठा से ही जीवन की बुलंदियां छू सकता है। यह विचार सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर राजपाल पुनिया ने गोल्ड मेडलिस्ट प्राध्यापक राजा सिंह झींजर को म्यूजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी दिल्ली द्वारा सर्वोच्च मानद डॉक्टरेट उपाधि प्राप्ति पर बधाई देते हुए कहे। राजा झींजर को यह उपाधि शिक्षा और



**कैथल।** समाजसेवी प्राध्यापक राजा सिंह झींजर को मानद डॉक्टरेट उपाधि से विभूषित वीसी डॉ सी पी यादव। फोटोः हरिभूमि

समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों एवं सराहनीय सेवाओं के उपरांत दी गई है। डॉ पूनिया ने कहा कि वह शिक्षा और प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ फर्स्ट एड प्रशिक्षण तथा समाज सेवा में विस्मरणीय पहचान रखते हैं तथा इनका राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल सहित अनेक अवार्ड हासिल करना काबिले तारीफ है। झींजर के कैथल पहुंचने पर फूलों और मिठाइयों से भारी स्वागत किया गया। फर्स्ट एड प्रशिक्षण के ब्रांड एंबेसडर एवं कुरुक्षेत्र फायरसेफ्टी संस्थान के निर्देशक डॉक्टर राजेंद्र सैनी ने झींजर की पीठ थप थपाते हुए कहा कि ईमानदारी से की गई मेहनत या दी गई सेवाएं जीवन भर सम्मान दिलाती हैं और सामाजिक प्रेरणा का आधार बनकर जीवन को नई दिशा प्रदान करती है।

**सूचना**

आप सभी को सूचित किया जाता है कि रा.प्रा. स्कूल देबन खेड़ा-13672 कैथल में एक पद मिड-डे-मील कुक का अनुसूचित जाति के अतिरिक्त अन्य श्रेणी का रिक्त है। इस संदर्भ में आप सभी का सूचित किया जाता है कि इच्छुक आवेदक दिनांक 19.08.2025 से 25.08.2025 तक स्कूल में अपने आवेदन दे सकते हैं।

मो. 93552-96800 हस्ता/-हेड टीचर
गवर्मेंट प्राइमरी स्कूल
देबन खेड़ा, कैथल
स्कूल कोड-13672

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ/बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत पीओ पकडो स्टाफ के एएसआई रणदेव सिंह द्वारा आरोपी करोड़ा निवासी सुनील को गिरफ्तार किया गया। जो वर्ष 2020 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 12 जून 2025 को पीओ घोषित किया गया था।

### चौशाला में हुई मारपीट एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव चौशाला में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव चौशाला के सतीश ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 अगस्त को आशीष, शमशेर, सुनीता, साक्षी और आंचल ने मिलकर उसका रास्ता रोकते हुए उसे पर डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। सहायक उप निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**कैथल।** सदर पुलिस कैथल में दहेज प्रताड़ना का एक मामला दर्ज किया है। मानस की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व मानस के पवन कुमार के साथ हुई थी। शादी के समय उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान दहेज भी दिया था लेकिन दहेज की मांग को लेकर उसके ससुराल वाले और अधिक परेशान करते थे। हर रोज की मारपीट तथा तानों से परेशान होकर वह अपने मायके लौट आई और पुलिस को शिकायत दी। मामले की जांच अधिकारी मुख्य सिपाही रेखा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है, जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### अध्यापकों ने जन्मदिन पर किया पौधारोपण

**जींद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खांडा में विद्यालय के शिक्षक ने अगस्त मास के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विद्यालय को एक गमला एवं एक पौधा विद्यालय को भेंट किया। इस कार्य के लिए प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और हर वर्ष जन्मदिन पर पौधा लगाने के लिए औरों को भी प्रेरित किया। अगस्त मास के जन्मदिन में कृष्ण कुमार, देवेंद्र कौशिक, राममहेर सिंह, डा. रामचंद्र, पंकज कुमार, तृप्ता देवी, अनीता देवी ने इस पर्यावरण संरक्षण के लिए आपने आहुति दी।

### बिजली अदालत 26 अगस्त को : सोमबीर

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत 26 अगस्त को होगी। यह अदालत यूएचबीवीएन के कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित होगी। इस बैठक में बिजली संबंधी समस्याऐं जैसे गलत बिल, रीडिंग, खराब मीटर आदि जिनका एसडीओ व कार्यकारी अभियंताओं से मिलने बाद भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस बिजली अदालत के समक्ष रख सकतें है। उपभोक्ता इसका लाभ उठाएं।

## राज्यपाल ने जींद के स्कूलों व स्वास्थ्य केंद्र का दौरा कर लिया जायजा, दिए निर्देश

# सभी कक्षाओं के कमरों में पर्याप्त पंखें हों एसएमसी के सदस्य स्कूल का दौरा करें





**जींद।** बच्चों को चॉकलेट देते महामहिम राज्यपाल असीम घोष व मिड डे मील को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए महामहिम राज्यपाल असीम घोष की पत्नी मित्रा घोष व चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी हासिल करते हुए महामहिम राज्यपाल असीम घोष। *फोटो : हरिभूमि*

*राज्यपाल तथा उनकी धर्मपत्नी कक्षाओं में जाकर बच्चों से मिले दिए चॉकलेट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश के महामहिम राज्यपाल असीम कुमार घोष ने कहा कि देश के सच्चे एवं अच्छे नागरिक बनाने के लिए बच्चों का बाल्य काल से ही पढ़ाई, खेल, स्वास्थ्य व अनुशासन की ओर रूझान पैदा करना चाहिए। इसके साथ-साथ उनकों अच्छे संस्कार भी देने चाहिए। महामहिम राज्यपाल असीम कुमार घोष मंगलवार को जींद जिले के दो दिवसीय दौरे के दौरान दूसरे दिन झांझ कलां व जीतगढ़ गांव के प्राथमिक पाठशाला में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर महामहिम राज्यपाल असीम घोष की धर्मपत्नी मित्रा घोष, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्णलाल मिड्ढा, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, सीआरएसयू के कुलगुरू रामपाल सैनी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और सबसे कीमती संपत्ति है। इन्हें शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान भी बनाएं। बच्चों का खेलों की और भी रुझान बनाएं ताकि नशे से दूर रह कर राष्ट्र की प्रगति में अपना सक्रिय योगदान दे सकें। राज्यपाल असीम कुमार घोष ने इस दौरान दोनों विद्यालयों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ.-सफाई, रसोईघर, शौचालय, पुस्तकालय इत्यादि का निरीक्षण किया। उन्होंने क्लास रूम में जाकर बच्चों से बातचीत की। उन्होंने बच्चों को दुलार करते हुए आशीर्वाद व चॉकलेट दी। उन्होंने बच्चों से सवाल भी पूछे। सवालों के जवाब में बच्चों ने कहा कि मिड डे मील में अच्छा भोजन मिल रहा है। महामहिम राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी कक्षाओं के कमरों में प्रयाप्त मात्रा में पंखे लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस व्यवस्था के लिए झांझ कलां तथा जीतगढ़ विद्यालय को 60-60 हजार रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने जीतगढ़ गांव के प्राईमरी स्कूल में स्कूल प्रबंधक कमेटी को स्कूल में व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए और उन्होंने कहा कि एसएमसी के सदस्य समय-समय पर स्कूल का दौरा करते रहें और ध्यान रखें बच्चों को पोष्टिक एवं गुणवत्ता पूर्वक मिड डे मिल मिले। इस मौके पर स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का फीडबैक लिया

राज्यपाल ने रामराये गांव स्थित प्राइमरी स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उपचाराधीन मरीजों का का हालचाल जाना और फल भेंट किए। उन्होंने प्रयोगशाला, दवाई संग्रहण कक्ष, कोल्ड चेन रूम सहित तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में दवाई के रिकॉर्ड को चैक किया तथा पीएचसी में आमजन को दी जाने वाली सभी स्वास्थ्य सेवाओं की फीडबैक ली।

### पौधारोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

महामहिम राज्यपाल असीम कुमार घोष ने प्राथमिक पाठशाला जीतगढ़ तथा रामराये गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को न केवल पौधारोपण करना चाहिए बल्कि रोपण के बाद उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस अवसर पर झांझ कलां के सरपंच सुनील कुमार, जीतगढ़ सरपंच ममता, टेकराम कंडेला, सुरेंद्र शर्मा, सूरज, संजय, विजेंद फौजी, तेलूराम, बलजीत सिंह, हरस्वरूप, पूनम, सुदेश, आशु आदि मौजूद रहे।



**जींद।** सीआरएसयू में आयोजित मीटिंग में मौजूद अधिकारी।

# टीबी रोग के 6 मरीजों को गोद लेंगे राज्यपाल घोष

- महामहिम राज्यपाल ने की अधिकारियों के साथ बैठक
- सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश के महामहिम राज्यपाल अशीम कुमार घोष ने मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के सभागार में जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने नशे की रोकथाम, टीबी उन्मूलन और फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिए। महामहिम राज्यपाल अशीम कुमार घोष ने रेडक्रास सोसायटी द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। महामहिम ने कहा कि वे स्वयं भी टीबी के पांच मरीजों को गोद लेंगे और उन्हें छह माह तक पोषण किट उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने रेडक्रॉस सचिव को निर्देश दिए कि वे सोसायटी द्वारा दी जा रही सेवाओं के अलावा टीबी के उन्मूलन के लिए और अधिक कदम उठाएं और आमजन को निक्षय योजना के तहत टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए प्रेरित करें।

### नशे के खिलाफ अभियान चलाएं

इसके बाद राज्यपाल ने डीसी मोहम्मद इमरान रजा व एसपी कुलदीप सिंह को जिला में नशा के दुष्प्रभावों के बारे में अधिकाधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इस पर डीसी ने महामहिम को अवगत करवाया कि जिला में सात नशा मुक्ति केंद्र संचालित हैं, जहां मरीजों के नशा छुड़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। वहीं पुलिस द्वारा भी नशे पर अंकुश लगाने को लेकर निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद महामहिम राज्यपाल ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण विकास आदि का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि इन सभी योजनाओं का धरातल पर प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जाए और पात्र व्यक्ति तक निर्बाध तरीके से योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। जिससे उनके जीवन में और अधिक खुशहाली आएगी। सरकार द्वारा किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद अलॉट की जाती है, उसके वितरण की सुचारू व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाए।

# फोटोग्राफी कंपीटिशन में दिखाई कला

- एन आई आई एल एम विवि में किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल में जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर एक फोटोग्राफी कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के सभी विभागों के छात्रों ने बढ़कर कर भाग लिया कार्यक्रम में वशिष्ठ स्थिति के रूप में पत्रकारिता के वरिष्ठ फोटोग्राफर रमेश तंवर ने शिरकत की। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज हम सभी विश्व फोटोग्राफी दिवस मना रहे हैं। हर वर्ष 19 अगस्त को यह दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य फोटोग्राफी की कला को सम्मान देना और इसके माध्यम से जीवन के अनमोल पलों को संजोने के महत्व को समझाना है। फोटोग्राफी केवल तस्वीर खींचने का नाम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी कला है जो भावनाओं, संस्कृतियों और इतिहास को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाती है। एक तस्वीर हज़ार शब्दों के बराबर होती है। जब हम किसी पुरानी तस्वीर को देखते हैं तो वह हमें अतीत की यादों से जोड़ देती है। यही कारण है कि फोटोग्राफी को समय को थाम लेने की कला कहा जाता है। दाखिला निदेशक राजेंद्र गोयत ने कहा कि आज से लगभग 180 साल पहले जब कैमरे का आविष्कार हुआ था।



**कैथल।** अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। **फोटो : हरिभूमि**

# विकास को लेकर गंभीर रहते हैं मिड्ढा : डॉ. पुष्पा

- भाजपा जिला महामंत्री ने पत्रकारों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद के विकास को लेकर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा पूरी तरह गंभीर रहते हैं और गरीबों की हर संभव मदद करने का काम करते हैं। भाखड़ा नहर के पानी से लेकर जींद में मेडीकल कॉलेज के निर्माण में डॉ. कृष्ण मिड्ढा की अहम भूमिका रही हैं। यह बात भाजपा जिला महामंत्री डॉ. पुष्पा तायल ने डॉ. कृष्ण मिड्ढा को जन्मदिन की बधाई देने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। डॉ. पुष्पा तायल ने कहा कि कृष्ण मिड्ढा ने हमेशा जनहित और विकास को प्राथमिकता दी है। उनका राजनीतिक व सामाजिक जीवन लोगों की समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने भाखड़ा जल परियोजना से लेकर जींद में मेडिकल कॉलेज के निर्माण तक अहम भूमिका निभाई। मेडिकल कॉलेज की स्थापना से न केवल जींद बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाईं और युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर प्रदान होंगे। उन्होंने कहा कि कृष्ण मिड्ढा का योगदान केवल विकास तक सीमित नहीं है बल्कि उन्होंने राजनीति में स्वच्छ छवि और पारदर्शिता की मिसाल कायम की है। समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की उनकी सोच ने उन्हें जनता का सच्चा प्रतिनिधि बनाया है।



**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा से मुलाकात करते हुए डा. पुष्पा तायल। **फोटो : हरिभूमि**

### सेवा करते रहेंगे

डॉ. तायल ने कहा कि जींद की जनता सदैव उनके प्रयासों को याद रखेगी और आने वाली पीढियां भी उनके कार्यों से प्रेरणा लेंगी। डॉ. पुष्पा तायल ने विश्वास जताया कि कृष्ण मिड्ढा आगे भी इसी तरह हरियाणा की जनता की सेवा करते रहेंगे।

### आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में एनसीसी परेड का भव्य आयोजन



**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में मंगलवार को एन सी सी परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान सूबेदार राजकुमार एवं ऑनरेरी कैप्टन अजय कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। परेड के दौरान छात्रों ने अनुशासन देशभक्ति और शौर्य का अद्भुत प्रदर्शन किया,जिसे देखकर सभी का हृदय गर्व से भर उठा। इस दौरान सूबेदार राजकुमार ने कहा कि एन सी सी केवल प्रशिक्षण ही नहीं बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रप्रेम की भावना को भी प्रबल करता है। ऑनरेरी कैप्टन अजय कुमार ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि परेड के माध्यम से हमें अनुशासन और देशसेवा का सच्चा संदेश मिलता है। प्रधानाचार्य ओ पी शर्मा ने दोनों अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्रों में आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना और गहरी होती है।

# अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस नीति : जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी हलका विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि अब समय आ गया है कि समाज को खोखला करने वाले अपराधियों और अपराध को कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए मनीषा हत्याकांड जैसे जघन्य अपराधों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पूंडरी में अपने कार्यकाल में कार्यकर्ताओं से बात करते हुए विधायक जांबा ने कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और बेटी को न्याय दिलाने के लिए प्रदेश सरकार हर स्तर पर गंभीर है। उन्होंने बताया कि इस मामले की पूरी अपडेट सरकार खुद ले रही है और जल्द ही इसका खुलासा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर अनुरोध करेंगे कि अब समय आ गया है कि ऐसे जघन्य अपराधियों, बदमाशों को कठोरतम सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने का साहस न कर सके। विधायक जांबा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान कल्याण, महिला सुरक्षा और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में उपलब्धियां दर्ज की गई हैं।



**पूंडरी।** कार्यालय में बातचीत करते हुए विधायक सतपाल जांबा। **फोटो : हरिभूमि**

### वाल्मीकि भवन व छात्रावास निर्माण भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर दिया निमंत्रण



**अलेवा।** हरियाणा वाल्मीकि महासभा जींद के सदस्यों ने उचाना में बनने जा रहे बाल्मीकि भवन एवं छात्रावास के भूमि पूजन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के आयोजन के लिए अलेवा के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। जिला प्रधान संजीव वैद्य बधाना ने बताया कि यह कार्यक्रम 23 अगस्त को सर्वजातीय दाडन खाप चबूतरा पालवां में होगा। मुख्यातिथि मंत्री कृष्ण बेदी होगें। उचाना से विधायक देवेंद्र अत्री, बवानी खेड़ा से विधायक कपूर सिंह बाल्मीकि, असंध से विधायक योगेंद्र राणा कार्यक्रम में पहुंचेगे। इस अवसर पर वरिष्ठ उप प्रधान मुकेश सुदकैन, कोषाध्यक्ष सतीश बड़ौदा, सचिव अशोक थुआ, ब्लाक कार्यकारिणी से उप प्रधान कश्मीरी दाबड़ी, विनोद पालवा संगठन सचिव, मक्खन सिंह आडिटर, अमित छात्तर,कपिलदेव बड़ौदा एवं नरेश मतंग छात्तर कार्यकारिणी सदस्य, राममेहर, रामप्रसन्न ढाटरथ, सरपंच सोनू खांडा, सरपंच सुरेंद्र रायचंदवाला व इंद्र खांडा आदि मौजूद रहे।

# भूमि पूजन में पहुंचेंगे मंत्री बेदी: सत्यवान

- कहा : गांव-गांव जाकर दिया जा रहा है निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

आगामी 23 अगस्त को करसिंधु.पालवां रोड पर सर्वजातीय दाडन खाप चबूतरा पालवां के पास होने वाले वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास के भूमि पूजन को लेकर जगह का जायजा हरियाणा वाल्मीकि महासभा के प्रधान महासचिव सत्यवान ढिलौड़ ने लिया।

यहां पर भूमि पूजन के बाद सर्व जातीय दाडन खाप चबूतरा पालवां पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, बवानी खेड़ा विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि एवं असंध विधायक योगेंद्र राणा, डीसी सोनीपत सुशील सारवान को सम्मानित किया जाएगा। ढिलौड़ ने बताया कि भूमि पूजन एवं सम्मान समारोह को लेकर टीम बनाई गई है। टीम गांव-गांव जाकर निमंत्रण दे रही है। उचाना हलके में अब तक वाल्मीकि भवन नहीं था। पालवां गांव की पंचायत द्वारा हरियाणा वाल्मीकि महासभा की मांग पर जमीन वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास निर्माण को लेकर दी गई है। भूमि पूजन के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।



**उचाना।** भूमि पूजन स्थल का जायजा लेने पहुंचे हरियाणा वाल्मीकि महासभा के प्रधान महासचिव सत्यवान ढिलौड़। **फोटो : हरिभूमि**

**प्रयास** | पटवारियों व सहायकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

# गिरदावरी व कृषि भूमि पंजीकरण का डाटा अपलोड किया जाएगा

*इंतकाल संबंधी कार्य समय से पूरा करें अधिकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि गिरदावरी व कृषि भूमि पंजीकरण का डाटा एप के माध्यम से अपलोड किया जाएगा। इसको लेकर रोहतक में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण चल रहा है। इसके बाद जिला स्तर पर भी पटवारियों व सहायकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला में हर गांव में कृषि विभाग व राजस्व विभाग के माध्यम से जागरूकता शिविरों का आयोजन होगा, जिसमें किसानों को डाटा अपलोड करने के संदर्भ में पूर्ण जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण होने के बाद शेडयूल जारी किया जाएगा। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इंतकाल व ततिमा संबंधी कार्य समय से पूरे हों। डीसी प्रीति मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस हॉल में राजस्व विभाग व अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। डीसी ने कहा कि गिरदावरी व कृषि भूमि पंजीकरण का डाटा अपलोड करने का कार्य 15 नवंबर तक पूरा करने के लिए निर्धारित किया गया है। मुख्यालय द्वारा आर्म लाईसैंस से संबंधित वांछित जानकारी जल्द भिजवाना सुनिश्चित करें। इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए। पहला चरण अप्रैल 2026 से सितंबर 2026 तक पूरा किया जाएगा, जिसमें घरों की गिनती का कार्य किया जाएगा।



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों से बातचीत करते हुए। **फोटो : हरिभूमि**

### मिशन मोड़ पर काम हो

डीसी ने कहा कि मैपिंग और ततिमा अपडेट कार्य पैंडिंग हैं, रिपोर्ट अनुसार दो लाख 58 हजार 230 में से अभी तक एक लाख 84 हजार 803 का कार्य पूरा हुआ है, जिसमें 73 हजार 427 ततिमा अपडेट का कार्य लंबित है। जिला राजस्व अधिकारी इस कार्य को जल्द पूरा करवाएं। ततिमा अपडेट होने के बाद इस डाटा को हरसैक पर डाला जाएगा और इसके बाद इसे लाईव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मॉडर्न रेवन्यू रिकार्ड रूम में जो कार्य लंबित हैं, जल्द इस कार्य में तेजी लाकर समय पर पूरा करें। लंबित इंतकाल के कार्य को मिशन मोड पर लेकर इसे जल्द पूरा करें। डीसी ने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि जिला प्रशासनिक खंड में कोई भी अयोग्य नक्शानवीस कार्य न कर रहा हो। जो नक्शानवीस कार्यरत हैं, वे योग्य हों, अधिकारी यह सुनिश्चित करें।